भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1772

(जिसका उत्तर सोमवार, 13 फरवरी, 2023/24 माघ, 1944 (शक) को दिया जाना है।)

कृषि आय का कराधान

1772. **श्री श्याम सिंह यादव:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की भारत में कृषि आय को कर योग्य बनाने के लिए आयकर अधिनियम, 1961 की धारा10(1) में परिवर्तन करने की मंशा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या इस मुद्दे का अध्ययन करने के लिए कोई समिति गठित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे हैं?

उत्तर
वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (पंकज चौधरी)

(क) ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) भारत के संविधान के अनुच्छेद 246 के अनुसार, कृषि आय पर कर राज्य सूची के अंतर्गत आता है।

(ग) पिछले पांच साल में ऐसी कोई समिति गठित नहीं की गई है

*****